**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भीमराव आम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है।राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब के योगदान को दर्शाने के लिए पूरे देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली के संसद भवन में प्रेरणा स्थल पर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसद के अन्य सदस्यों और कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी प्रेरणा स्थल पर डॉ अंबेडकर को श्रद्धासुमन पुष्पांजलि अर्पित किए। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बाबा साहब का समानता और मानवीय मर्यादा के लिए अथक संघर्ष लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

*************************************************************************

आज पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देश-विदेश में श्री गुरू तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।श्रद्धालु अमृतसर के श्री हरमंदिर साहिब और अन्यु गुरूद्वारों में नतमस्तक हो रहे हैं और गुरूवाणी एवं कीर्तन का आनंद ले रहे हैं। जगह जगह पर गुरु के अटूट लंगर की बरताये जा रहे हैं।

***********************************************************************

कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का देश के पांच राज्यों के 6 विश्वप्रसिद्ध मंदिरों से सीधा प्रसारण शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल कुरुक्षेत्र से इसका शुभारंभ किया।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ओडिशा के पूरी स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर, उत्तर प्रदेश के वृन्दावन में बांके बिहारी मंदिर, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर, गुजरात में द्वारिकाधीश, मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर और राजस्थान की राजधानी जयपुर में ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देव जी में अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का सीधा प्रसारण शुरू हो गया है।उन्होंने बताया कि यह सभी मंदिर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध हैं और लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन करने आते हैं। इन मंदिरों में हरियाणा सरकार द्वारा बड़ी एल.ई.डी स्क्रीन लगाकर कुरुक्षेत्र में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाना शुरू कर दिया गया है जो 11 दिसंबर तक चलेगा।

**************************************************************************

चंडीगढ़ में बिजली वितरण कंपनियों के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें मेसर्स एमिनेंट पावर कंपनी लिमिटेड सफल बोलीदाता के रूप में उभरी है।एक सरकरी प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी के बाद 'चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड' (सीपीडीएल) का गठन किया गया है। निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सबसे अधिक बोली लगाने वाले को आशय पत्र (एलओआई) भी जारी कर दिया गया है। चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कर्मचारियों के सभी मौजूदा सेवा लाभों की सुरक्षा और यूटी पावरमैन यूनियन की शिकायतों का व्यापक रूप से समाधान करने के निर्देश दिए है। 'चंडीगढ़ बिजली सुधार हस्तांतरण योजना' तैयार की गई है और चंडीगढ़ प्रशासन से 'चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड' (सीपीडीएल) को कार्यों का हस्तांतरण, हस्तांतरण योजना की अधिसूचना के बाद किया जाएगा, जिसमें कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए विशिष्ट प्रावधान शामिल किए गए हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के अरावली क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए साउदी अरब की तर्ज पर अरावली ग्रीन वॉल परियोजना तैयार की जाएगी।साउदी अरब के दौरे के बाद हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि साउदी अरब एक रेगिस्तानी देश है लेकिन वहां पर हरित पट्टीयां विकसित कर हरियाली को बड़े आकर्षक ढंग से

बढ़ाया गया है। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार ने हरियाणा को अरावली ग्रीन वॉल परियोजना तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित चार राज्यों में 10 लाख 15 हज़ार हेक्टेयर से अधिक भूमि का सुधार कर बहु-राज्य सहयोग का एक अनुकरणीय मॉडल प्रदर्शित करना है। इसके अलावा वनों की स्वदेशी प्रजातियों के साथ वनरोपण, जैव विविधता संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य में सुधार और भूजल पुनर्भरण को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना है।राव नरबीर सिंह ने कहा कि इस परियोजना से अरावली क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए हरित रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

***********************************************************************

हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ में रहने वाले अपने सभी कर्मचारियों को आभा आई.डी बनाने का आह्वान किया है।मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने बताया कि इस संबंध में चंडीगढ़ प्रशासन से एक पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि प्ले स्टोर या ऐप्पल स्टोर से आभा ऐप डाउनलोड करके या ए.बी.डी.एम वेबसाइट पर जाकर यह आई.डी बनाई जा सकती है।उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ए.बी.डी.एम) का उद्देश्य देश में डिजिटल चैनलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न हितधारकों को जोड़ने वाला एक मजबूत डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा स्थापित करना है।आभा आई.डी इस मिशन का एक प्रमुख घटक है। यह 14 अंकों की एक विशिष्ट संख्या है, जिससे किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य रिकॉर्ड जोड़ा जाएगा। यह पहल स्वास्थ्य सेवा के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ अन्य कई लाभ प्रदान करती है। इसमें एक विशिष्ट पहचान, केंद्रीकृत स्वास्थ्य रिकॉर्ड, स्वास्थ्य सुविधाओं तक निर्बाध पहुंच, स्वास्थ्य रिकॉर्ड की आसान निगरानी के अलावा सुरक्षित डिजिटल एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड का सीधा पंजीकरण शामिल है।